अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भुवनेश्वर
All India Institute of Medical Sciences, Bhubaneswar
(भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में एक सांविधिक निकाय)
(A Statutory Body under aegis of Ministry of H & F.W., Govt. of India)
सिजुआ, डाक: डुमुडुमा भुवनेश्वर -751019
Sijua, Post: Dumuduma, Bhubaneswar - 751019

145

सं - एम्स/भुवनेश्वर/राजभाषा/वि.रा.का.स./637(क)/भाग-II/5040

दिनांक :- 10.03.2026

**विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तृतीय तिमाही बैठक का कार्यवृत्त**

***स्थान – निदेशक बोर्ड रूम, एम्स भुवनेश्वर***

***दिनांक : 11/02/2026, अपराह्न, 03:00 बजे***

दिनांक 11/02/2026 को आदरणीय **कार्यकारी निदेशक, प्रो (डॉ) आशुतोष बिस्वास, अ.भा.आ.सं, भुवनेश्वर की अध्यक्षता** में अपराह्न 03:00 बजे निदेशक बोर्ड रुम, प्रथम तल, प्रशासनिक भवन, अ.भा.आ.सं, भुवनेश्वर में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तृतीय तिमाही (**अक्टूबर-दिसंबर, 2025**) की बैठक आयोजित की गई।

सर्वप्रथम, इस बैठक का शुभारंभ **सदस्य-सचिव, डॉ इंद्रजीत सिंह, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी** द्वारा कार्यकारी निदेशक व अध्यक्ष महोदय के स्वागत से किया गया। इसके उपरांत सदस्य-सचिव द्वारा बैठक में उपस्थित सभी विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, (अ.भा.आ.सं) भुवनेश्वर का स्वागत किया गया।

इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे :

| क्र. सं. | वि.रा.का.स. के सदस्यगण | पदनाम | समिति में पदनाम |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो (डॉ) आशुतोष बिस्वास | कार्यकारी निदेशक | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो (डॉ) पी. आर.महापात्र | संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक) | उपाध्यक्ष |
| 3. | प्रो (डॉ) प्रभास रंजन त्रिपाठी | चिकित्सा अधीक्षक, (प्रभारी) | उपाध्यक्ष |
| 4. | लेफ्टिनेंट कर्नल अभिजीत सरकार | उप-निदेशक (प्रशासन) | उपाध्यक्ष |
| 5. | प्रो (डॉ) मनीषा कर | प्रोफेसर (शरीर क्रिया विज्ञान) | सदस्य |
| 6. | श्री राजेन पीटर टोप्पो | अधीक्षक अभियंता | सदस्य |
| 7. | डॉ गौरव छाबड़ा | अतिरिक्त प्रोफेसर, विकृति विज्ञान एवं प्रयोगशाला चिकित्सा विभाग | सदस्य |
| 8. | डॉ रविकांत नारायण | सहायक प्रोफेसर, शरीर रचना विभाग | सदस्य |
| 9. | श्री रुद्र नारायण नायक | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्री राज कुमार शर्मा | वरिष्ठ प्रोग्रामर (विश्लेषक) | सदस्य |
| 11. | श्री सुशांत परिड़ा | सहायक परीक्षा नियंत्रक, परीक्षा प्रकोष्ठ | सदस्य |
| 12. | श्री पतंजलि मोहंता | वरिष्ठ खरीद सह भंडार अधिकारी, (प्रभारी) | सदस्य |
| 13. | श्री विक्की वर्मा | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, राजभाषा अनुभाग | सदस्य |
| 14. | श्री गोबिंद चौधरी | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, राजभाषा अनुभाग | सदस्य |
| 15. | डॉ इंद्रजीत सिंह | वरिष्ठ हिंदी अधिकारी, राजभाषा अनुभाग | सदस्य - सचिव |

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदस्य-सचिव ने बैठक की कार्रवाई को प्रारंभ किया। बैठक में निम्नलिखत मदों पर चर्चा की गई :-

**1. पुरस्कार वितरण :** सदस्य-सचिव ने समिति को यह अवगत कराया कि विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर दिनांक 09.01.2026, अपराह्न 03:00 बजे, नर्सिंग महाविद्यालय में हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें अ.भा.आ.सं. भुवनेश्वर की कुल 22 टीम (प्रत्येक टीम में 04 सदस्य) ने भाग लिया। प्रतिभागिता का मूल्यांकन अ.भा.आ.सं, भुवनेश्वर के मो. सलीम गोलदार, प्रशासनिक अधिकारी; श्री राकेश कुमार पंडा, उप-मुख्य सुरक्षा अधिकारी, सुरक्षा विभाग एवं श्री जगदीश साहू, लेखा अधिकारी, लेखा अनुभाग द्वारा किया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को बैठक में कार्यकारी निदेशक, प्रो (डॉ) आशुतोष बिस्वास के कर-कमलों द्वारा नकद पुरस्कार, मेडल एवं प्रमाणपत्र से पुरस्कृत किया गया। इस पर अध्यक्ष महोदय ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन संस्थान में होते रहना चाहिए ताकि कार्मिकों को हिंदी में काम करने हेतु प्रेरणा एवं प्रोत्साहन मिलता रहे।

**(कार्रवाई – राजभाषा अनुभाग)**

**2. हिंदी प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा** : तिमाही बैठक में दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही की राजभाषा प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सदस्य-सचिव द्वारा बैठक में यह अवगत कराया गया कि धारा 3(3) का अनुपालन पूर्ण रूप से नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने सभी विभागों एवं अनुभागों को यह आदेश दिया कि धारा 3(3) का अनुपालन अ.भा.आ.सं, भुवनेश्वर में पूर्ण रूप से किया जाए। अध्यक्ष महोदय ने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रयास निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए।

**(कार्रवाई – सभी विभागाध्यक्ष)**

**3. हिंदी कार्यशाला** : सदस्य-सचिव ने समिति को यह अवगत कराया कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत हर तिमाही में एक कार्यशाला आयोजित करना अनिवार्य है। अक्टूबर-दिसंबर 2025 (तृतीय तिमाही) की हिंदी कार्यशाला दिनांक-20/12/2025 को आयोजित किया गया, इस कार्यशाला में कुल 22 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला में प्रशिक्षण **श्री दिनेश कुमार, प्रबंधक (राजभाषा), भारतीय खाद्य निगम क्षेत्रीय कार्यालय भुवनेश्वर द्वारा दिया गया एवं सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र** भी प्रदान किया गया। श्री दिनेश कुमार जी ने संस्थान के संकाय, अधिकारी एवं कर्मचारियों को राजभाषा नीति नियम, हिंदी में सरकारी कार्य करने हेतु प्रशिक्षण दिया। अध्यक्ष महोदय ने यह निर्देश दिए कि संकाय, अधिकारी एवं कर्मचारियों को कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षण देने के उपरांत उनसे प्रतिक्रिया भी लें ताकि अधिक से अधिक कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया सकें।

**(कार्रवाई - राजभाषा अनुभाग एवं सभी विभागाध्यक्ष)**

**4. हिंदी पत्रिका** : सदस्य-सचिव द्वारा बैठक में यह अवगत कराया गया कि अर्द्ध-वार्षिक ई-हिंदी पत्रिका "आरोग्य सुधा" के सातवें संस्करण का दिनांक 26/09/2025 को कार्यकारी निर्देशक महोदय द्वारा हिंदी पखवाड़ा, 2025 के समापन समारोह के अवसर पर विमोचन किया गया। इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने संतोष प्रकट करते हुए यह निर्देश दिए कि "आरोग्य सुधा" पत्रिका के आठवाँ संस्करण में अ.भा.आ.सं, की विविध गतिविधियों को भी पत्रिका में शामिल किया जाए और इसके साज-सज्जा को और भी बेहतर बनाया जाए ताकि भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति में अ.भा.आ.सं की पत्रिका प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर सके।

**(कार्रवाई - राजभाषा अनुभाग)**

**5. अनुवाद कार्य** : सदस्य-सचिव ने समिति को यह अवगत कराया कि राजभाषा अनुभाग द्वारा विभिन्न अनुभागों से प्राप्त अंग्रेजी पत्रों को हिंदी में अनुवाद कर संबंधित अनुभागों को प्रेषित कर दिया जाता है। साथ ही यह भी अवगत कराया कि एम्स भुवनेश्वर का वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 का लगभग 550 पृष्ठों का अनुवाद किया गया। इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने संतोष प्रकट करते हुए निर्देश दिए कि स्थापना एवं आईटी विभाग से संपर्क करके ई-एचआरएमएस एवं ई-ऑफिस में सभी के नामों एवं पदनाम को द्विभाषी किया जाए ताकि राजभाषा का प्रचार-प्रसार अधिक से अधिक हो सके।

**(कार्रवाई – स्थापना अनुभाग एवं आईटी विभाग)**

**6. विविध विभागों द्वारा किए गए प्रयास** : सदस्य-सचिव ने समिति को यह अवगत कराया कि अ.भा.आ.सं,भुवनेश्वर में विभिन्न विभागों/अनुभागों द्वारा हिंदी में कार्य किए जा रहे हैं जो सराहनीय है। इसके साथ साथ यह भी अवगत कराया गया कि चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय, आभा डेस्क, शरीर क्रिया विज्ञान विभाग, नर्सिंग महाविद्यालय, अस्पताल प्रशासन, एवं ई.एच.एस ओपीडी द्वारा द्विभाषी एवं त्रिभाषी नामपट्ट तैयार किए गये एवं अस्पताल प्रशासन द्वारा विशेष अभियान 5.0 का बैनर द्विभाषीय बनाया गया जो एक सराहनीय कदम है। इस पर अध्यक्ष महोदय ने संबंधित विभागों कि प्रशंसा करते हुए सभी विभागों को अपने नाम पट्ट अनिवार्य रूप से द्विभाषीय करने का आदेश दिए।

**(कार्रवाई - सभी विभागाध्यक्ष)**

**7. राजभाषा सम्मेलन** : सदस्य-सचिव द्वारा बैठक में यह अवगत कराया गया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक – 29 एवं 30 दिसंबर 2025 को 10वें राष्ट्रीय राजभाषा सम्मेलन, नोएडा में आयोजित किया गया, जिसमे हमारे संस्थान से श्री इंद्रजीत सिंह, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने भाग लिया। इस पर अध्यक्ष महोदय ने संतोष प्रकट करते हुए यह निदेश दिए कि आगामी सभी कार्यक्रमों में भी राजभाषा अनुभाग के सभी अधिकारी सक्रिय रूप से भाग लें।

**(कार्रवाई - राजभाषा अनुभाग)**

**8. सदस्यों के सुझाव** :

8.1 : **प्रो (डॉ) आशुतोष बिस्वास, कार्यकारी निदेशक** महोदय ने सुझाव दिया कि संस्थान में सभी संकाय /अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिक से अधिक प्रशिक्षण दिया जाए ताकि संस्थान में राजभाषा हिंदी का पूर्ण कार्यान्वयन किया जा सकें एवं इसके साथ साथ यह भी निदेश दिए कि राजभाषा अनुभाग के टीम सभी विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष से सक्रिय रूप से संपर्क करें एवं उन्हें कार्य करने हेतु प्रेरित करें।

8.2 : **प्रो (डॉ) प्रभास रंजन त्रिपाठी** महोदय ने सुझाव दिया कि आईटी के सहयोग से ई-मेल के माध्यम से संस्थान के सभी कार्मिकों को प्रत्येक दिन हिंदी में एक सुविचार प्रसारित किया जा सकता है। इससे राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार में सुविधा होगी।

8.3 : **डॉ गौरव छाबड़ा, अतिरिक्त प्रोफेसर** महोदय ने सुझाव दिया कि आईटी के सहयोग से ई-ऑफिस एवं ई-एचआरएमएस में सभी कार्मिकों का नाम एवं पदनाम हिंदी में किया जा सकता है ताकि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिए गए लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

अध्यक्ष महोदय ने संस्थान में राजभाषा के प्रचार-प्रसार पर हो रही प्रगति पर संतोष प्रकट किया एवं समिति के सभी सदस्यों को निर्देश देते हुए कहा कि संस्थान में राजभाषा प्रचार-प्रसार के लिए हर संभव प्रयास करते रहें एवं राजभाषा अनुभाग को आवश्यक सहयोग दें ताकि सामूहिक प्रयासों से हम निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर सकें।

अंत में, **श्री गोबिंद चौधरी, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, राजभाषा अनुभाग** द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों का धन्यवाद किया गया एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक संपन्न की गई।

11/03/2016

(मो. सलीम गोलदार)
प्रशासनिक अधिकारी
अ.भा.आ.सं, भुवनेश्वर

वितरण

1. कार्यकारी निदेशक महोदय के कृपया सूचनार्थ।
2. विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यगण के कृपया सूचनार्थ।
3. सभी विभागाध्यक्ष के कृपया सूचनार्थ।

प्रतिलिपि

1. क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व क्षेत्र) कोलकाता, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार।
4. आई टी प्रकोष्ठ, कृपया वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
2. राजभाषा अनुभाग (संबंधित फाइल)।